समाचार

स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 की वर्चुअल कार्यशाला में शामिल हुए महापौर व आयुक्त

कोरबा 29 सितम्बर 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के संदर्भ में आयोजित वर्चुअल कार्यशाला में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से भाग लिया, इस मौके पर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत एवं डॉ.संजय तिवारी भी उपस्थित थे।

विगत वर्षो की भांति वर्ष 2021 में भी देश के शहरों में स्वच्छ सर्वेक्षण का कार्य भारत सरकार के द्वारा कराया जाना हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के संदर्भ में आज देश की राजधानी दिल्ली में वर्चुअल कार्यशाला आयोजित की गई। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित बी.सी. कक्ष में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से उक्त वर्चुअल कार्यशाला में शामिल हुए। तीन घंटे से अधिक समय तक चली उक्त वर्चुअल कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के संदर्भ में की जाने वाली तैयारियों तथा सर्वेक्षण के विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अपशिष्ट प्रबंधन पर जोर– स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में अपशिष्ट के समुचित प्रबंधन, संग्रहण, पृथकीकरण, प्रसंस्करण व कचरा प्रबंधन में आमजनता की भागीदारी एवं इसके प्रति जनजागरूकता पर विशेष जोर दिया जाएगा। डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण के माध्यम से शतप्रतिशत घरों में अपशिष्ट का संग्रहण तथा सूखे व गीले कचरे का पृथकीकरण के साथ–साथ अपशिष्ट का प्रसंस्करण व समापन की समुचित व पर्याप्त व्यवस्था पर विशेष जोर दिया जाएगा, शहर की स्वच्छता में आमजनों की भागीदारी व साफ– सफाई के प्रति जनजागरूकता महत्वपूर्ण बिन्दु होंगे। इसी प्रकार व्यवसायिक व आवासीय क्षेत्रों में वहां के रहवासियों द्वारा स्वयं के स्त्रोतों से कचरे का व्यवस्थापन, प्रबंधन एवं उसके निस्तारन की उचित व्यवस्था स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 का एक महत्वपूर्ण बिन्दु होगा। सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों की स्वच्छता, उनका बेहतर रख रखाव व संचालन पर विशेष नजर सर्वेक्षण टीमों की रहेगी।

ओ.डी.एफ. के बाद अब होगा वाटर प्लस – ओ.डी.एफ. के पश्चात अब कोरबा शहर वाटर प्लस सर्वेक्षण में अपनी दावेदारी करेगा तथा इसके लिए शासन द्वारा निर्धारित गाईड लाईन के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। यहां उल्लेखनीय है कि विगत वर्षो में कोरबा शहर ओ.डी.एफ., ओ.डी.एफ.प्लस, एवं ओ.डी.एफ. प्लस–प्लस का दर्जा हासिल कर चुका है। कचरा मुक्त शहरों के लिए स्टार रेटिंग का कार्य भी पुनः इस वर्ष होगा, इसके लिए भी कोरबा शहर अपनी दावेदारी करेगा।

महापौर ने की आमजन से अपील– महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आमनागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि शासन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत अन्य शहरों के साथ–साथ कोरबा में भी स्वच्छ सर्वेक्षण कराया जाएगा, स्वच्छ सर्वेक्षण में कोरबा को सम्मानजनक स्थान मिले, इसके लिए आवश्यक है कि हम अपने शहर को साफ–सुथरा रखने में सहयोग करें, घरों व दुकानों से निकले हुए कचरे को सड़क, नाली, सार्वजनिक स्थानों में न फेंके। उन्होने कहा है कि विगत वर्ष स्टार रेटिंग में कोरबा शहर के पिछड़ने का प्रमुख कारण रहा है कि हम सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थानों पर डाले जाने वाले कचरे को नियंत्रित नहीं कर पाएं। उन्होने अपील करते हुए कहा है कि निगम द्वारा शतप्रतिशत घरों तक डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण के माध्यम से कचरे का संग्रहण कराया जा रहा है, अतः स्वच्छता दीदियों के रिक्शें में ही कचरे को दें, ताकि हम अपने शहर को साफ–सुथरा रखकर स्टार रेटिंग व स्वच्छ सर्वेक्षण में सम्मानजनक स्थान दिला सके। महापौर श्री प्रसाद ने आगे कहा है कि वाटर प्लस सर्वेक्षण में भी कोरबा नगर निगम भाग लेगा तथा इस संबंध में शासन की गाईड लाईन के अनुसार तैयारियां करेंगा।